**CLASS : 10th (Secondary)**

# Code No. 101

**Series : Sec. April./2021**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

## हिन्दी

## भाग – I

(आत्मनिष्ठ प्रश्न)

*(Academic)*

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80* (भाग–I : 40, भाग–II : 40)

प्रश्न-पत्र दो भागों में विभाजित है : भाग–I (आत्मनिष्ठ) एवं भाग–II (वस्तुनिष्ठ)। परीक्षार्थी को दोनों भागों के प्रश्नों के उत्तर को अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखना है। प्रश्न-पत्र का भाग–I परीक्षा आरम्भ होने पर पहले उत्तर-पुस्तिका के साथ दिया जाएगा तथा भाग–II के लिए आखिरी का एक घंटे का समय दिया जाएगा अर्थात् परीक्षा समाप्त होने से एक घंटा पूर्व परीक्षार्थी को भाग–II का प्रश्न-पत्र दिया जाएगा।

भाग–I के प्रश्न-पत्र में कुल 9 प्रश्न एवं भाग–II के प्रश्न-पत्र में कुल 40 प्रश्न हैं।

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–I** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** तथा प्रश्न **9** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*नोट :* *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

## खण्ड – क

**1.** चौपाई छंद का लक्षण लिखिए। 2

**2.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 5

(क) मेरा प्रिय कवि

(ख) स्वच्छता और स्वास्थ्य

(ग) कम्प्यूटर का महत्त्व

(घ) जल संरक्षण

(ङ) विद्यार्थी और अनुशासन

**3.** विद्यालय में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए मुख्याध्यापक को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

परोपकार का महत्त्व बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

## खण्ड – ख

**4.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 + 2 = 3

लखन कहेउ मुनि सुजस तुम्हारा। तुम्हहि अछत को बरनै पारा।।
अपने मुहु तुम्ह आपनि करनी। बार अनेक भाँति बहु बरनी।।
नहि संतोषु त पुनि कछु कहहू। जनि रिस रोकि दुसह दुख सहहु।।
बीरब्रती तुम्ह धीर अछोभा। गारी देत न पावहु सोभा।।

***प्रश्न :***

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ii) प्रस्तुत काव्यांश में निहित भाव सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 + 3 = 6

(क) 'उत्साह' कविता का मूलभाव लिखिए।

(ख) 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

(ग) 'कन्यादान' कविता के केन्द्रीय भाव को स्पष्ट कीजिए।

**खण्ड – ग**

**6.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर दीजिए : 3

बालगोबिन भगत मँझोले कद के गोरे-चिट्टे आदमी थे। साठ से ऊपर के ही होंगे। बाल पक गए थे। लंबी दाढ़ी या जटाजूट तो नहीं रखते थे, किन्तु हमेशा उनका चेहरा सफेद बालों से ही जगमग किए रहता। कपड़े बिल्कुल कम पहनते। कमर में एक लंगोटी मात्र और सिर में कबीरपंथियों की-सी कनफटी टोपी। जब जाड़ा आता, एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते।

***प्रश्न :***

प्रस्तुत गद्यांश के रचयिता एवं पाठ का नाम बताते हुए गद्यांश की व्याख्या कीजिए।

**7.** रामवृक्ष बेनीपुरी ***अथवा*** यशपाल का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

**8.** 'नेता जी का चश्मा' नामक पाठ में निहित संदेश स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

फादर कामिल बुल्के की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड – घ

**9.** ***'कृतिका' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 4 = 8$

(क) 'माता के अँचल' पाठ में लेखक का नाम तारकेश्वरनाथ से भोलानाथ कैसे पड़ा ?

(ख) 'साना-साना हाथ जोड़ि ................' पाठ के माध्यम से लेखिका क्या दर्शाना चाहती है ?

(ग) 'माता का अँचल' पाठ में भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है ?

(घ) 'कटाओ' के अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

(ङ) ''नयी दिल्ली में सब कुछ था ................ सिर्फ नाक नहीं थी'' – इस कथन के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ?

**CLASS : 10th** (Secondary) **Code No. 101**

**Series : Sec. April./2021**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी

## भाग – II

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

*(Academic)*

(Only for Fresh/School Candidates)

---

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–II** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** तथा प्रश्न **40** हैं।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

---

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक **1** से **40** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। प्रश्न संख्या **1** से **16** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **एक शब्द/वाक्य** में दीजिए तथा **17** से **40** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*

***निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :***

**1.** उपमा अलंकार का उदाहरण दीजिए।

**2.** 'कालिंदी कूल कदंब की डारन' – में कौन-सा अलंकार है ?

**3.** त्रिलोचन (विग्रह करके समास का नाम लिखिए)।

**4.** यथासमय (विग्रह करके समास का नाम लिखिए)।

**5.** अश्व (पर्यायवाची शब्द लिखिए)।

**6.** सूर्य (पर्यायवाची शब्द लिखिए)।

**7.** उल्टी गंगा बहाना-मुहावरे का अर्थ बताइए।।

**8.** संधि किसे कहते हैं ?

**9.** प्रत्युत्तर (संधि विच्छेद कीजिए)।

**10.** महा + ऋषि (संधि कीजिए)।

**11.** निर्गुण (विलोम शब्द लिखिए)।

**12.** ह्रस्व (विलोम शब्द लिखिए)।

**13.** अधि-उपसर्ग लगाकर शब्द रचना कीजिए।

**14.** निस्संदेह-उपसर्ग छांटिए।

**15.** आई-प्रत्यय लगाकर शब्द रचना कीजिए।

**16.** मोटापा - प्रत्यय छांटिए।

***निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :***

**17.** योग का संदेश गोपियों को कैसा लगा ?

(i) मनभावन (ii) रुचिकर

(iii) कड़वी ककड़ी (iv) मिठाई

**18.** सूरदास ने हरि की तुलना किससे की है ?

(i) गरुड़ के पंख से (ii) बाज के पंजे से

(iii) तोते की चोंच से (iv) हारिल की लकड़ी से

**19.** गोपियाँ सपने में, सोते-जागते, दिन-रात क्या करती है ?

(i) कान्ह-कान्ह (ii) शिव-शिव

(iii) राम-राम (iv) पिय-पिय

**20.** गर्भन्ह के अर्भक दलन - में 'अर्भक' का क्या अर्थ है ?

(i) अबीर (ii) बालक

(iii) नामो निशान (iv) समाप्त

**21.** तुलसी के आराध्य कौन हैं ?

(i) श्रीकृष्ण (ii) श्रीराम

(iii) महादेव (iv) शक्ति

**22.** परशुराम के क्रोध को किसने शांत किया ?

(i) लक्ष्मण (ii) राम

(iii) जनक (iv) विश्वामित्र

**23.** कृष्ण के सांवले अंग पर क्या सुशोभित हो रहा है ?

(i) पीत पट (ii) नीलाम्बर

(iii) गुलाबी पट (iv) श्याम पट

**24.** श्रीकृष्ण नूपुर कहाँ पहने हैं ?

(i) कटि में (ii) पायन में

(iii) उर में (iv) माथे पर

**25.** 'अट नहीं रही है' - कविता के रचयिता कौन हैं ?

(i) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (ii) ऋतुराज

(iii) जयशंकर प्रसाद (iv) नागार्जुन

**26.** कल्पना के - से पाले किसे कहा गया है ?

(i) फागुन (ii) बिजली

(iii) बादल (iv) कवि

**27.** 'कन्यादान' कविता में कवि ने किसे 'धुंधले प्रकाश की पाठिका' कहा है ?

(i) माँ को (ii) बेटी को

(iii) पत्नी को (iv) सास को

**28.** 'उत्साह' कविता में 'धाराधर' का क्या अर्थ है ?

(i) नदी (ii) पर्वत

(iii) बादल (iv) झरना

**29.** नेताजी की प्रतिमा किस वस्तु की बनी थी ?

(i) संगमरमर (ii) पीतल

(iii) मिट्टी (iv) अष्टधातु

**30.** हालदार साहब लगभग कितने दिनों बाद कस्बे से गुजरते थे ?

(i) 10 दिन (ii) 15 दिन

(iii) 20 दिन (iv) 30 दिन

**31.** नेताजी का चश्मा-पाठ में कैप्टन कौन है ?

(i) पान वाला (ii) चश्में वाला

(iii) हालदार (iv) चाय वाला

**32.** बालगोबिन भगत किसकी रचना है ?

(i) रामवृक्ष बेनीपुरी (ii) स्वयंप्रकाश

(iii) यशपाल (iv) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

**33.** बालगोबिन भगन कौन-सा वाद्य बजाते थे ?

(i) सितार (ii) इकतारा

(iii) खंजड़ी (iv) ढफली

**34.** घर की पूरी प्रबंधिका बनकर बालगोबिन भगत को किसने दुनियादारी से मुक्त कर दिया था ?

(i) उनकी बेटी ने (ii) उनकी पत्नी ने

(iii) उनकी भाभी ने (iv) उनकी पुत्रवधु ने

**35.** 'लखनवी अंदाज़' पाठ में लेखक ने किस वर्ग पर व्यंग्य किया है ?

(i) पतनशील सामंती वर्ग पर (ii) किसानों पर

(iii) रेल मुसाफिरों पर (iv) मजदूरों पर

**36.** नवाब साहब ने खीरे की फांकों को किस नज़र से देखा ?

(i) लालची (ii) उदासीन

(iii) सतृष्ण (iv) भूखी

**37.** फ़ादर कामिल बुल्के की मृत्यु कैसे हुई ?

(i) जहरवाद से (ii) पानी में डूबने से

(iii) गिरने से (iv) बुखार से

**38.** फ़ादर कामिल बुल्के की आँखों का रंग कैसा था ?

(i) भूरा (ii) काला

(iii) नीला (iv) हरा

**39.** फ़ादर कामिल बुल्के कहाँ के रहने वाले थे ?

(i) फ्रांस (ii) बेल्जियम

(iii) चीन (iv) जर्मनी

**40.** फ़ादर कामिल बुल्के की तुलना लेखक ने किस वृक्ष से की है ?

(i) देवदारु (ii) बरगद

(iii) नीम (iv) पीपल